सुविचार
विनम्रता की परीक्षा समृद्धि में और स्वाभिमान की परीक्षा अभाव में होती है।

दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

कुल पेज 24 (मधुरिमा) **राजस्थान** मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष 8, अंक 60, महानगर

सेंसेक्स	80,004.06		-105.79
डॉलर	84.32		+0.03

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

	अधिकतम	न्यूनतम	आज का अनुमान (अधिकतम)
जयपुर	28.0	13.5	27.7
दिल्ली	27.0	10.2	27.0
मुंबई	33.6	16.8	33.0

dainikbhaskar.com | झुंझुनूं, बुधवार, 27 नवंबर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष-12, 2081 | 12 राज्य | 61 संस्करण

चिड़ावा भास्कर 27-11-2024

शेखावाटी भास्कर

प्रशिक्षण • मानव संसाधन विकास केंद्र गाजियाबाद के सौजन्य से सीरी में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

युवा कार्मिकों पर है विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति का दायित्व

भास्कर न्यूज | पिलानी

सीएसआईआर-मानव संसाधन विकास केंद्र, गाजियाबाद के सौजन्य से अधिकारियों व समकक्ष के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

सीएसआईआर एचआरडीसी द्वारा संचालित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में नवनियुक्त कार्मिकों को प्रशासनिक, वित्तीय, भंडार और क्रय से संबंधित नियमों, आचरण नियमों व अन्य प्रक्रियाओं आदि की जानकारी दी जाएगी। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने की।

पिलानी. कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिक व अन्य।

उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों एवं संस्थान के सहकर्मियों को संबोधित करते हुए सभी को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य प्राप्ति में प्रत्येक नागरिक का योगदान अनिवार्य है। अपने संबोधन में डॉ. पंचारिया ने सभी प्रशिक्षार्थियों से आह्वान किया कि वे देश को विकसित बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य विकसित भारत 2047 की प्राप्ति के लिए सत्यनिष्ठा से अपना दायित्व निभाएं और अपना यथासंभव योगदान दें।

मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी), गाजियाबाद की प्रशिक्षण प्रबंधक सिमेश वर्मा, वरिष्ठ उप-सचिव ने एचआरडीसी के उद्देश्यों व प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने इस प्रकार के प्रशिक्षणों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि एचआरडीसी सीएसआईआर के सभी वर्गों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करता है और उन्हें क्रियान्वित करता है। जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए एचआरडीसी को पिलानी में यह कार्यक्रम करने के लिए आभार व्यक्त किया। एचआरडीसी, गाजियाबाद के योगेश कुमार तकनीकी अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।